प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल
चयन भवन, मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल – 462011
फोन नं. 0755–2578801, 02, 03, 04 फैक्स : 0755–2550498,
ई–मेल : vyapam@mp.nic.in वेबसाईट : www.vyapam.nic.in, www.peb.mp.gov.in

महत्वपूर्ण सूचना

प्राफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड द्वारा मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों/विभागों में रिक्त विभिन्न प्रकार के पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षाओं का आयोजन समूह परीक्षा के रूप में किया जाता है। इन परीक्षाओं में पदवार निर्धारित शैक्षणिक व अन्य अर्हताओं के आधार पर आवेदकों द्वारा विभिन्न पदों के प्राथमिकताक्रम दिए जाते हैं।

2. इन परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम में प्राप्तांकों के आधार पर आवेदक द्वारा दी गई प्राथमिकताक्रम में जो पद आवंटित होता है, उसके पहले की प्राथमिकताक्रम वाले पदों की प्रतीक्षा सूची में उसे स्थान प्राप्त होता है। परन्तु जिस प्राथमिकताक्रम का पद आवंटित हो जाता है, उसके बाद की शेष प्राथमिकताक्रम के पदों की प्रावीण्य/प्रतीक्षा सूची में उसे स्थान प्राप्त नहीं होता है।

उदाहरणार्थ किसी आवेदक द्वारा निम्नानुसार पदों के प्राथमिकताक्रम ऑनलाईन आवेदन–पत्र में दिया जाता है, तब :–

प्राथमिकताक्रम	01	02	03	***04***	05	06	07	08	09	10	11	12	13	14	15	16	17	18
पद कोड	151	004	008	***116***	143	115	128	098	018	106	144	114	096	027	021	002	023	166

परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर उपरोक्त पद प्राथमिकताक्रम में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्राथमिकताक्रम के पदों की प्रतीक्षा सूची में स्थान प्राप्त होता है तथा उसे चौथी प्राथमिकताक्रम के पद कोड–116 की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त होता है। ऐसी स्थिति में चूंकि आवेदक को चौथी प्राथमिकताक्रम के पद की प्रावीण्य सूची में ही स्थान प्राप्त हुआ है। अतः इसके बाद के शेष प्राथमिकताक्रम वाले पदों की प्रावीण्य/प्रतीक्षा सूची में उसे स्थान प्राप्त नहीं होगा।

नियंत्रक
प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड
भोपाल